(ग) यदि नहीं, तो क्या यह भी सच है कि परिवार कल्याण हेतु दिसम्बर, 1992 तक राज्य सरकारों को देय एक बड़ी धन राशि सरकार पर बकाया है ; और

(घ) यदि हां, तो कुल धन-राशि कितनी थी और बकाया राशि का अब तक भुगतान न किए जाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी हां।

(घ) 1992-93 के दौरान राज्य सरकारों को अंकेक्षित व्यय विवरण के आधार पर 301.48 करोड़ रुपए की बकाया राशि में से 100.00 करोड़ रुपए की राशि रिलीज की गई है। 1993-94 के दौरान और राशि रिलीज की जायेगी।

स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों का विनियमन

4175. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि 1 अगस्त, 1990 से पूर्व स्थापित सभी स्वास्थ्य-प्रतिष्ठानों को नियमित कर दिया जाएगा ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने ऐसे प्रतिष्ठानों की संख्या का पता लगाया है ; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे कितने प्रतिष्ठान हैं और इन्हें नियमित करने संबंधी निर्णय के कार्यान्वयन हेतु बनाई गई योजना की विस्तृत रूपरेखा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) से (ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने पहली अगस्त, 1990 से पहले खुले उपचर्या गृहों को अपेक्षित शुल्क के भुगतान पर 1996 तक जारी रखने की अनुमति देने का निर्णय सिद्धांत रूप में लिया है। स्वास्थ्य की दृष्टि से उपचर्या गृहों की उपयुक्तता के निर्धारण संबंधी सर्वेक्षण पूरा हो गया है अब उन्हें नियमित करेने के प्रश्न पर दिल्ली विकास प्राधिकरण से परामर्श किया जा रहा है जो भूमि के इस्तेमाल की अनरूपता जैसे विषयों का निर्धारण करता है।

Medical facilities in Rural Areas

4176. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the amount of money-spent by Government in improving mediqal facilities in rural areas in the country during the last two yeans; and

(b) what is the amount of money Government propose to spend during the current year in rural areas?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND' FAMILY WELFARE (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) The amount released by the Department of Family Welfare for implementation of different schemes in rural areas during the last two years is given below:—

(Rs. in crores)

Year	Amount
1990-91	339.97
1991-92	451.93